## संपादकीय

# भ्रष्टाचार पर वार

वह सर्वेक्षण उम्मीद जगाता है, जिसमें बताया गया है कि भारत में भ्रष्टाचार में दस फीसदी की गिरावट आई है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के 'द इंडिया करप्शन सर्वे 2019' के मुताबिक भारत की रैंकिंग सुधरी है और बीते साल के मुकाबले तीन पायदान का सुधार आया है। दुनिया के 180 देशों में भारत 78वें पायदान पर आया है जबकि बीते साल वह 81वें स्थान पर था। लेकिन यह भी सत्य है कि हर दूसरा भारतीय अपना काम करवाने के लिए सरकारी महकमों में रिश्वत देता है। एक कटु सत्य यह है कि सर्वे में शामिल 51 फीसदी लोगों ने माना कि पिछले बारह महीनों में उन्होंने कभी न कभी रिश्वत देकर काम कराया। दरअसल, यह सर्वे भारत में दिल्ली, बिहार, गुजरात व हरियाणा समेत बीस राज्यों में किया गया था। लोगों ने माना कि रिश्वत का भुगतान नकद के रूप में ही किया जाता है। वहीं सोलह फीसदी ऐसे लोग भी थे, जिन्होंने कहा कि उन्होंने बिना रिश्वत दिये अपने काम करवाये हैं। लोगों का मानना है कि रिश्वत देने के सबसे ज्यादा मामले प्रॉपर्टी पंजीकरण और जमीन से जुड़े विभागों में सामने आते हैं। निष्कर्ष यह भी है कि देश के आधे लोग मानते हैं कि सरकारी दफ्तरों में बिना रिश्वत दिये काम होना संभव नहीं है। बहरहाल, पारदर्शिता बढ़ने और भारत की रैंकिंग में सुधार होना उम्मीद जगाता है कि यदि देश के सत्ताधीश ईमानदार पहल करें तो भ्रष्टाचार पर किसी हद तक काबू पाया जा सकता है। पिछले साल जहां 56 फीसदी लोगों ने रिश्वत देने की बात स्वीकारी थी, इस साल यह घटकर 51 फीसदी रह गयी है। कहीं न कहीं रिश्वत के प्रतिशत में आई यह कमी पासपोर्ट व रेलवे बुकिंग आदि सेवाओं में ऑनलाइन सेवा शुरू होने के चलते सामने आई है। इसका निष्कर्ष यह भी निकाला जा सकता है कि जन सेवाओं को केंद्रीयकृत व कम्प्यूटराइज्ड करने से भ्रष्टाचार पर किसी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है।

लगता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वह उद्घोष भी काम कर रहा है कि न खाऊंगा और न खाने दूंगा। कुछ लोग मानते हैं कि नोटबंदी होने से लोगों के पास नकदी कम होने से भी भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा। मगर इसके बावजूद कुछ सरकारी दफ्तरों में भ्रष्टाचार बदस्तूर जारी है। उल्लेखनीय है कि ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के इस सर्वे में 1.90 लाख लोगों को शामिल किया गया था, जिनमें 64 फीसदी पुरुष और 36 फीसदी महिलाएं शामिल थीं। इनमें से करीब अड़तालीस फीसदी लोग अभी भी मानते हैं कि राज्य सरकारों तथा स्थानीय निकायों ने भ्रष्टाचार नियंत्रण हेतु ईमानदार पहल नहीं की। वहीं छब्बीस फीसदी लोग भ्रष्टाचार को सुविधा शुल्क के रूप में देखते हैं। जहां प्रॉपर्टी पंजीकरण व जमीन से जुड़े मामलों में 26 फीसदी लोगों ने रिश्वत दी, वहीं 19 फीसदी लोगों ने पुलिस विभाग से जुड़े कर्मचारियों व अधिकारियों को रिश्वत दी। बहरहाल, अपेक्षा के स्तर तक तो भ्रष्टाचार पर लगाम नहीं लग पायी है परंतु इसके प्रतिशत में गिरावट यह उम्मीद जरूर जगाती है कि यदि शासन-प्रशासन सख्त रवैया अपनाये तो आशातीत सफलता मिल सकती है। भ्रष्टाचार से जुड़े इन आंकड़ों पर इस वजह से विश्वास किया जा सकता है कि ग्लोबल वॉचडॉग ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल एक गैर राजनीतिक, स्वतंत्र और गैर सरकारी भ्रष्टाचार रोधी संगठन है जो दुनिया के 180 देशों में भ्रष्टाचार के स्तर के हिसाब से अंक देता है। बीते साल जहां भारत 40 अंकों के साथ 81वें स्थान पर था, इस बार वह 78वें पायदान पर जा पहुंचा। जबकि चीन व अमेरिका में भ्रष्टाचार बढ़ा है। पड़ोसी देश पाकिस्तान 117वें स्थान पर रहा। बहरहाल, भले ही भारत का प्रदर्शन धीमा हो मगर इसमें सुधार होना सकारात्मक संकेत है। इस सूची में जहां डेनमार्क अव्वल है, वहीं भ्रष्टाचार के लिये कुख्यात सोमालिया सबसे आखिरी पायदान पर है। हमें सार्वजनिक जीवन में पारदर्शिता लाने के लिये अभी बहुत कुछ करना बाकी है।

# कमजोर जीडीपी से शेयर बाजार की तेजी पर लगा ब्रेक

**मुंबई (आरएनएस)।** भारतीय शेयर बाजार में इस सप्ताह घरेलू व विदेशी कारकों से भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। इस दौरान प्रमुख संवेदी सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी ने नई बुलंदियों को छुआ, लेकिन देश के जीडीपी के आंकड़े कमजोर आने से सप्ताह के आखिरी सत्र में बाजार की तेजी पर ब्रेक लग गया और सेंसेक्स 41,000 के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे बंद हुआ, जबकि निफ्टी 12,000 के ऊपर रहा। हालांकि पिछले साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स और निफ्टी में एक फीसदी से ज्यादा बढ़त दर्ज की गई।



बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के 30 शेयरों पर आधारित संवेदी सूचकांक सेंसेक्स शुक्रवार को पिछले सप्ताह के मुकाबले 434.40 अंकों यानी 1.08 फीसदी की तेजी के साथ 40,793.81 पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के 50 शेयरों पर आधारित संवेदी सूचकांक निफ्टी 141.65 अंकों यानी 1.19 फीसदी की तेजी के साथ 12,056.05 पर बंद हुआ।

बीएसई मिड-कैप सूचकांक पिछले सप्ताह के मुकाबले 346.19 अंकों यानी 2.35 फीसदी की तेजी के साथ 15,084.86 पर बंद हुआ, जबकि बीएसई स्मॉल कैप सूचकांक 206.79 अंकों यानी 1.55 फीसदी की बढ़त के साथ 13,560.57 पर रहा। अमेरिका और चीन के बीच व्यापारिक मसलों को सुलझाने की दिशा में प्रगति की रिपोर्ट से उत्साहित विदेशी बाजारों से मिले मजबूत संकेतों से सप्ताह की शुरुआत में सोमवार को सेंसेक्स 529.82 अंकों यानी 1.31 फीसदी के उछाल के साथ 40,889.23 पर बंद हुआ और निफ्टी भी 164.60 अंकों यानी 1.38 फीसदी की तेजी के साथ 12,079 पर ठहरा।

हालांकि सप्ताह के दूसरे कारोबारी सत्र में मंगलवार को महाराष्ट्र के राजनीतिक घटनाक्रमों से बाजार पर बिकवाली का दबाव दिखा, जिससे सेंसेक्स 67.93 अंक फिसलकर 40,821.30 रुका और निफ्टी भी 36.05 अंक नीचे फिसलकर 12,037.70 पर बंद हुआ। अगले सत्र में बुधवार को सेंसेक्स ने 41,000 के मनोवैज्ञानिक स्तर से ऊपर चढ़कर 41,120.28 की नई उंचाई बनाई और निफ्टी भी 12,132.45 के रिकॉर्ड स्तर तक उछला।

# सिचुआन एयरलाइन की चीन-भारत के बीच मालवाहक विमान सेवा शुरू



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** चीन की सिचुआन एयरलाइन ने भारत के लिए मालवाहक विमान सेवा शुरू की है। इस सेवा की पहली उड़ान का दिल्ली के अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर स्वागत किया गया। डेलही इंटरनेशनल एयरपोर्ट लि. (डायल) ने शनिवार को एक विज्ञप्ति में एयरलाइन की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि सिचुआन एयरलाइन (सीएससी) इस सेवा का परिचालन चीन के शान्सी प्रांत (एक्सआईवाई) और दिल्ली के बीच सप्ताह में दो बार करेगी। विज्ञप्ति के अनुसार वापसी में यह दिल्ली से चेंगदू (सीटीयू) जाएगी। इस उड़ान में एयरबस 300-200 श्रेणी का विमान लगाया गया है। डायल के सीईओ विदेश कुमार जयपुरिया ने कहा, ''डायल को इस बात की खुशी है कि चीन की इस एयरलाइन ने भारत में अपनी मालवाहक सेवा के लिए डायल को अपना केंद्र बनाया है।''

# पीकेएल-7 : दिल्ली को हराकर बंगाल वॉरियर्स पहली बार चैंपियन

**अहमदाबाद।** मोहम्मद नबी बक्श के सुपर-10 के दम पर बंगाल वॉरियर्स ने शनिवार को यहां ट्रांस्टेडिया के एका एरेना स्टेडियम में खेले गए प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के सातवें सीजन के रोमांचक फाइनल में दबंग दिल्ली को 39-34 से हराकर खिताब जीत लिया। दोनों टीमें पहले हाफ में 17-17 से बराबरी पर थीं लेकिन, बंगाल ने दूसरे हाफ में अच्छी वापसी करते हुए पहली बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। दिल्ली की टीम पहले पांच मिनट तक 7-2 से आगे थी। दिल्ली ने अगले मिनट में ही बंगाल को ऑलआउट कर 11-3 की बढ़त बना ली। अगले 10 मिनट में बंगाल ने भी वापसी कर ली और दिल्ली को ऑलआउट करके स्कोर 14-15 कर दिया। बंगाल की टीम अब मात्र एक अंक से पीछे थी और 18वें मिनट में उसने 16-16 से बराबरी भी हासिल कर ली। इसके बाद बंगाल ने पहली बार मैच में बढ़त बना ली लेकिन, दिल्ली ने भी एक अंक लेकर स्कोर 17-17 से बराबर कर दिया। पहले हाफ की समाप्ति तक दिल्ली के नवीन कुमार ने छह और बंगाल के मोहम्मद नबी ने सात अंक लिए।

## चेन्नइयन एफसी ने मुख्य कोच ग्रेगोरी को बर्खास्त किया

**चेन्नई।** इंडियन सुपर लीग क्लब चेन्नइयन एफसी ने लीग के छठे सीजन में खराब प्रदर्शन को देखते हुए अपने मुख्य कोच जॉन ग्रेगोरी को बर्खास्त कर दिया है। चेन्नइयन एफसी के मालिकों ने एक संयुक्त बयान में इसकी पुष्टि की। क्लब मालिकों ने संयुक्त बयान में कहा, क्लब अच्छी सेवाओं के लिए जॉन ग्रेगोरी का धन्यवाद करता है। जॉन की देखरेख में क्लब ने अपना दूसरा आईएसएल खिताब जीता। चेन्नइयन एफसी 10 टीमों की तालिका में अभी आठवें स्थान पर काबिज है।

# डेविस कप : लिएंडर पेस ने जीता 44वां मुकाबला, भारत की पाक पर 3-0 की अजेय बढ़त

**नूर सुल्तान।** भारत ने यहां के नेशनल टेनिस सेंटर में जारी डेविस कप के एशिया-ओसेनिया के पहले राउंड में तीसरा मुकाबला जीतते हुए पाकिस्तान पर 3-0 की अजेय बढ़त कायम कर ली है। भारत ने शुक्रवार को मुकाबलों के पहले दिन अपने दोनों एकल मुकाबले जीते थे और फिर शनिवार को भारत ने युगल टाई जीतकर एक लिहाज से यह मैच जीत लिया है। भारत के लिए शनिवार को जीवन नेदुनचेझियान और लिएंडर पेस (46) ने युगल मुकाबले में हुफैजा अब्दुल रहमान और शोएब मोहम्मद की जोड़ी को 6-1, 6-3 से हराया। यह मैच 53 मिनट चला।



पेस इसके साथ डेविस कप इतिहास में 44वां युगल मैच जीता। वह डेविस कप इतिहास में सबसे सफल युगल खिलाड़ी हैं। बीते साल पेस ने चीन के खिलाफ हुए मुकाबले में जीत हासिल करते हुए अपना 43वां मैच जीता था। वह इसके साथ इटली के खिलाड़ी निकाला पिटरैंगेली से आगे निकल गए थे।

इससे पहले, शुक्रवार को रामकुमार रामनाथन और सुमित नागल ने अपने-अपने मुकाबले जीत भारत को 2-0 की बढ़त दिला दी थी। रामकुमार ने 42 मिनट तक चले मैच में 17 साल के मोहम्मद शोएब को 6-0, 6-0 से आसान मात दी थी। वहीं सुमित ने हुफैजा मोहम्मद रहमान को 6-0, 6-2 से हरा भारत को बढ़त दिलाई थी। यह मुकाबला सितंबर में इस्लामाबाद में होना था लेकिन दोनों देशों के बीच खराब कूटनीतिक सम्बंधों को देखते हुए भारत ने मैच स्थल को बदलने की मांग की थी।

# मारुति सुजुकी ने हासिल की दो करोड़ यात्री वाहन बेचने की उपलब्धि

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कार बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने घरेलू बाजार में दो करोड़ यात्री वाहन बेचने की उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने शनिवार को एक बयान में कहा कि उसने 37 साल से कम समय में यह उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने 14 दिसंबर 1983 को अपने पहले यात्री वाहन की बिक्री की थी। कंपनी ने मारुति 800 की बिक्री के साथ इस यात्रा की शुरुआत की थी।





कंपनी ने कहा कि उसने पहले एक करोड़ यात्री वाहन की बिक्री करीब 29 साल में की, जबकि अगले एक करोड़ यात्री वाहन आठ साल में ही बेच डाले गये। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी केनिचि आयुकावा ने कहा, ''हम इस नये कीर्तिमान से उत्साहित हैं। यह उपलब्धि हासिल करना कंपनी, हमारे आपूर्तिकर्ताओं तथा डीलरों के लिये शानदार प्रोत्साहन है।'' उल्लेखनीय है कि कंपनी ने आने वाले समय की योजना के तहत भारत स्टेज-6 के अनुकूल वाहनों को पेश करने के साथ ही कारखाने में ही सीएनजी किट लगे वाहन तथा स्मार्ट हाइब्रिड वाहन भी बाजार में उतारा है। कंपनी भारतीय बाजार में इलेक्ट्रिक वाहन उतारने की भी योजना बना रही है।

# गोविंदा को नहीं भाया अंखियों से गोली मारे का रीमिक्स!



बॉलिवुड में आजकल फिल्मों के रीमेक बनाने के अलावा पुराने और सुपरहिट गानों का रीमिक्स बनाने का चलन भी तेजी पकड़ रहा है। हालांकि जरूरी नहीं कि हर बार रीमिक्स जलवा ही दिखाए। लेकिन ऐसा अंखियों से गोली मारे गाने के रीमिक्स वर्जन ने कर दिखाया है।

जल्द रिलीज होने वाली फिल्म पति पत्नी और वो में गोविंदा व रवीना टंडन पर फिल्माए गए सुपरहिट गाने अंखियों से गोली मारे का रीमिक्स सॉन्ग शामिल किया गया है। इसे फिल्म की लीड कास्ट-कार्तिक आर्यन, अनन्या पांडे और भूमि पेडनेकर पर फिल्माया गया है। रीमिक्स को दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं और यूट्यूब पर भी यह टॉप ट्रेंड में है।

अब लोगों को तो अंखियों से गोली मारे का रीमिक्स पसंद आ गया, लेकिन लगता है कि गोविंदा को यह जरा भी नहीं भाया है। सूत्रों ने बताया कि गोविंदा ने रीमिक्स को लेकर सीधे तौर पर कुछ नहीं कहा है, पर ऐसा भी नहीं है कि उन्हें यह गाना पसंद आया हो। बस वह रीमिक्स के बारे में बात करके और पब्लिसिटी नहीं देना चाहते।

बात करें फिल्म की, तो पति पत्नी और वो एक रोमांटिक कॉमिडी है, जिसमें कार्तिक और भूमि पति-पत्नी और अनन्या कार्तिक की गर्लफ्रेंड के किरदार में नजर आएंगी। हाल ही में इस फिल्म में मैरिटल रेप पर बोले गए एक डायलॉग को लेकर कड़ा विरोध हुआ था। इसके बाद मेकर्स ने इसे फिल्म से हटा दिया। यह फिल्म 6 दिसंबर को रिलीज होगी।

## आज का राशिफल

*मेषः-* आपको दूसरों की मदद करने से सुकून मिलता है इसलिए आज का दिन परोपकार में व्यतीत होगा। कार्यक्षेत्र में भी आपके पक्ष में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं।

*वृषभः-* आज का दिन परिजनों के साथ सुखद बीतेगा। दोपहर तक हर्षवर्धक शुभ समाचार भी मिलेगा। सायंकाल के समय चिर प्रतीक्षित अतिथि के आगमन का हर्ष होगा।

*मिथुनः-* पिता के आशीर्वाद तथा उच्चाधिकारियों की कृपा से किसी बहुमूल्य वस्तु अथवा संपत्ति की प्राप्ति की अभिलाषा आज पूरी होगी। व्यस्तता अधिक रहेगी, व्यर्थ के व्यय से बचें।

*कर्कः-* राशि स्वामी की उत्तम स्थिति एवं राशि पर बृहस्पति का पंचम होकर परिभ्रमण अकस्मात बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति कराकर कोष की स्थिति को सुदृढ़ करेगा।

*सिंहः-* राजनीतिक क्षेत्र में अशातीत सफलता मिलेगी। प्रतिस्पर्द्धा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे, रुका हुआ कार्य भी सम्पन्न होगा।

*कन्याः-* आज कर्मोद्योग में तत्परता से लाभ होगा। स्वजनों से सुख, पारिवारिक मंगल कार्यों की खुशी होगी। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा।

*तुलाः-* आज शिक्षा व प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि के योग हैं। आय के नए स्रोत बनेंगे, वाक्पटुता आपको विशेष सम्मान दिलाएगी।

*वृश्चिकः-* आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होकर धन, सम्मान, यश, कीर्ति की वृद्धि होगी। रुका हुआ कार्य सिद्ध होगा-प्रियजनों से भेंट होगी।

*धनुः-* आज गृहोपयोगी वस्तुओं पर धन का खर्च होगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। अधीनस्थ कर्मचारी या किसी संबंधी के कारण तनाव बढ़ सकता है।

*मकरः-* आज व्यवसायिक क्षेत्र में मन के अनुकूल लाभ होने का हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति पूर्वापेक्षा अधिक सुदृढ़ होगी।

*कुंभः-* राशि स्वामी शनि की धनुः- स्थिति के कारण पत्नी को अकस्मात् शरीर कष्ट होने से भागदौड़ व अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है।

*मीनः-* वैवाहिक जीवन आनन्ददायक बीतेगा। आज पास व दूर की सकारणीय यात्रा भी हो सकती है। बिजनस में बढ़ती प्रगति से काफी खुशी होगी। विद्यार्थियों को मानसिक बौद्धिक भार से छुटकारा मिलेगा।

# रवीना टंडन बनीं स्क्रिप्ट राइटर, साइन किए चार प्रॉजेक्ट

आज के दौर में महिलाएं हर फील्ड में सशक्त है। उन्हीं में से एक हैं ऐक्ट्रेस रवीना टंडन, जिन्होंने ऐक्टिंग के साथ-साथ कई और फील्ड में भी सफलता के झंडे गाड़े हैं।



नैशनल अवॉर्ड विनर रवीना अब जल्द ही स्क्रीनप्ले राइटिंग के अपने सीक्रेट टैलंट को दुनिया के सामने लाने के लिए बिलकुल तैयार हैं।

हमेशा से महिला सशक्तिकरण की आवाज बनीं रवीना टंडन ने महिलाओं को अलग-अलग क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। अपनी इसी सलाह पर ध्यान देते हुए उन्होंने अपने खुद के बैनर ए ए फिल्म्स के लिए चार स्क्रिप्ट लिखी हैं। रवीना ने अपनी एक्साइटमेंट जाहिर करते हुए बताया कि ये चारों कहानियां डिजिटल प्लेटफॉर्म के लिए हैं। राइटर के तौर पर अपना नया सफर शुरू करने जा रहीं रवीना टंडन यह जानने के लिए काफी एक्साइटेड हैं कि वेब शो पर किस तरह की राइटिंग लोगों को पसंद आती है। इस बारे में बातचीत करते हुए रवीना ने कहा, हम अपनी कहानी को फ्लोर पर ले जाने की तैयारी कर रहे हैं और यह सभी वेब प्लेटफॉर्म के लिए हैं। मुझे लगता है यह मीडियम बहुत अच्छा है, यहां पर एक्सपेरिमेंट्स कर सकते हैं और हमारे पास यहां पर करने के लिए काफी कुछ होता है। यह आपको अपनी कहानी कहने की स्वतंत्रता देता है, साथ ही साथ इसमें 2 घंटे का रिस्ट्रिक्शन भी नहीं होता है। यह बहुत ही उत्साहित करने वाला स्पेस है। अपने 28 साल के लंबे करियर में रवीना टंडन हमेशा से ही ऑल राउंडर रही हैं। ऐक्टिंग में खुद को साबित करने के बाद रवीना टंडन ने सफलतापूर्वक वाइल्ड लाइफ फटॉग्रफी की शुरुआत की।

# दीपिका पादुकोण ने एक साल में कर डाली 1000 करोड़ से ज्यादा की कमाई

हाल ही में अक्षय कुमार को लेकर रिपोर्ट आई कि वह इस साल 1000 करोड़ रुपए कमाने वाले स्टार बन सकते हैं और अब हम बात कर रहे हैं बॉलिवुड ऐक्ट्रेस की जिन्होंने एक साल के भीतर 1000 करोड़ रुपए की कमाई कर डाली। जी हां, यहां हम बात कर रहे हैं दीपिका पादुकोण की, जिन्होंने एक साल में 1000 करोड़ का आंकड़ा पार किया।



उनकी ब्लॉकबस्टर फिल्मों की बात करें तो दीपिका आखिरी बार संजय लीला भंसाली की फिल्म पद्मावत में नजर आई थीं। साल 2013 में दीपिका की कई फिल्में रिलीज़ हुईं, जिसने दुनिया भर में शानदार कमाई की। रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2013 में दीपिका की चार फिल्में आईं, जिसमें रेस 2, ये जवानी है दीवानी, चेन्नै एक्सप्रेस और गोलियों की रासलीलाः रामलीला जैसी फिल्में शामिल थीं। दीपिका ने न केवल एक साल में 1000 से ज्यादा रुपए की कमाई की है बल्कि करियर की बेस्ट फिल्में भी दी हैं।

# जानिए सेब की चटनी बनाने की विधि



## सामग्री -

हरे सेब- चार, गुड़- एक बड़ा चम्मच (कतरा हुआ), जीरा- एक छोटा चम्मच, सरसों- एक छोटा चम्मच, मिर्च पाउडर- एक छोटा चम्मच, गरम मसाला पाउडर- एक छोटा चम्मच, आलिव/रिफाइंड ऑयल- एक बड़ा चम्मच, काली मिर्च पाउडर- आधा छोटा चम्मच, नमक- स्वादानुसार।

## विधि :

सबसे पहले सेब का छिलका उतारकर उसे कद्दूकस कर लें। फिर एक पैन में ऑलिव ऑयल डालकर उसे गर्म करें। तेल गर्म होने पर उसमें सरसों डालकर भूनें।

इसके बाद मिर्च, जीरा, गरम मसाला, काली मिर्च पाउडर डालें और उसे हल्का सा भूनें। मसाले भुनने के बाद सेब, नमक और गुड़ पैन में डालें और मध्यम आंच पर लगभग पन्द्रह मिनट तक पकाएं।

जब चटनी थोड़ी गाढ़ी हो जाए, तो समझ जाएं कि यह तैयार हो गयी है। अब गैस को बंद कर दें।

लीजिए, सेब की चटनी तैयार हुई। ठंडा होने पर इसे स्नैक्स अथवा भोजन के साथ परोसें।

चाहें तो सेब की चटनी फ्रिज में रख कर 7-8 दिनों तक इस्तेमाल कर सकते हैं। बच्चों को यह चटनी बेहद पसंद आएगी।

# शब्द सामर्थ्य- 60

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | ■ | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | 7 | | | ■ | 8 | 9 |
| 10 | | | | ■ | | ■ | 11 | |
| | ■ | ■ | 12 | 13 | | 14 | | ■ |
| 15 | 16 | | ■ | | ■ | | ■ | 17 |
| ■ | | ■ | 18 | | 19 | | ■ | |
| 20 | | | | ■ | 21 | | ■ | |
| 22 | | ■ | | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | ■ | ■ | ■ | 25 | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 59 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | ■ | पा | व | क | ■ | बे | ल |
| ■ | र | ज | नी | च | र | ■ | ■ | ट्टू |
| मु | स्का | न | ■ | न | म | की | न | ■ |
| सा | र | ■ | स | ■ | ■ | ट | ख | ना |
| फि | ■ | अ | जा | य | ब | ■ | रा | जा |
| र | च | ना | ■ | था | ल | ■ | ■ | य |
| ■ | ■ | धि | ■ | र्थ | ■ | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | ■ | आ | वा | ज | ■ |
| ल्लू | ■ | त | ■ | ■ | ब | ल | रा | म |

# सू-दोकू- 60

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है, जिसमें 9 वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र. 59 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |